# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बांदा वन प्रभाग, बांदा।

पत्रांक 1131 / 33–1 दिनांकः बांदाः अक्टूबरः 17 , 2020

सेवा में,

श्री एस0एम0 त्रिपाठी,
प्रबन्धक,
इण्डियन आयल कार्पोरेशन लिमि0,
इलाहाबाद।

विषय – इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बबेरू–कमासिन–राजापुर मार्ग, (एस0एच0–92) के किमी0 नं0–2, (चैनेज नं0–1.470 से 1.500) के मध्य दांयी पटरी पर, गाटा संख्या–708, ग्राम–पल्हरी, तहसील–बांदा, जिला–बांदा (उत्तर प्रदेश) में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन से प्रभावित 0.065348 हे0 संरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/123/2020/एफ0सी0/955 दिनांक 12.10.2020

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि विषयांकित रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.065348 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग से सम्बन्धित प्रस्ताव में **उप वन महानिरीक्षक, केन्द्रीय, लखनऊ** के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा कतिपय शर्तों के साथ सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त सभी शर्तों की अनुपालन आख्या बिन्दुवार मय संलग्नक के इस कार्यालय को प्रेषित करें। उक्त शर्तों के **शर्त संख्या–3** के अन्तर्गत प्रभावित संरक्षित वनभूमि **0.065348 हे0** के गैर वानिकी प्रयोग के स्थान पर 100 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित आंगणित **धनराशि रू0–101400.00 (एक लाख एक हजार चार सौ)** मात्र व **शर्त संख्या–4** के अनतर्गत प्रभावित संरक्षित वन भूमि 0.065348 हे0 की **एन0पी0वी0 आगणित धनराशि रू0–40908.00 (चालीस हजार नौ सौ आठ) मात्र** कुल **धनराशि रू0–142308.00 (एक लाख बयालिस हजार तीन सौ आठ रूपये) मात्र** को संलग्न पत्र दिनांक 12.10.2020 के अनुसार ई–पेमेंट पोर्टल के माध्यम से कैम्पा, नई दिल्ली में जमा करा कर जमा पर्ची की मूल प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करें, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

**बिन्दु संख्या–03 व 04 का आंगणन निम्न प्रकार है:–**

**बिन्दु संख्या–03** प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 0.065348 के गैर वानिकी प्रयोग के स्थान पर 100 वृक्षों का वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के अनुरक्षण सहित आंगणित **धनराशि रू0–101400.00 (एक लाख एक हजार चार सौ) मात्र** होती है।

**बिन्दु संख्या–04** के अन्तर्गत प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 0.065348 हे0 की एन0पी0वी0 आगणित धनराशि 0.065348X626000=40908.00 (चालीस हजार नौ सौ आठ) मात्र होती है।

भवदीय,

(संजय अग्रवाल)
प्रभागीय वनाधिकारी
बांदा वन प्रभाग, बांदा।

पृ0सं0 1131 /अ/सम् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उपरोक्त के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।
2– वन संरक्षक, चित्रकूटधाम वृत्त, बांदा।

(संजय अग्रवाल)
प्रभागीय वनाधिकारी
बांदा वन प्रभाग, बांदा।